श्री भाम ोर सिंह(नरवाना): चेयरमैन साहब, सतलुज यमुना लिंक कैनाल के बारे में मेरे प्रस्ताव के दो भाग हैं। पहले भाग में यह बात कही गई है कि सतलुज यमुना लिंग नहर के

पानी को जो बंटवारा पंजाब और हरियाणा के बीच था वह न्यायोचित है, वह फाइनल है और उसके बारे में हरियाणा सरकार को पंजाब सरकार और भारत सरकार के दबाव में आकर कोई बातचीत रिओपन नहीं करनी चाहिए। दूसरे भाग में यह बात कही गई है कि हरियाणा सरकार भारत सरकार से इस बात का आग्रह करे कि वह पंजाब सरकार के ऊपर इस बात का दबाव डाले कि पंजाब के हिस्से में इस नहर का जो भाग बनना है, उसकी खुदवाई भीघ्र करवाई जाए। सभापति महोदय, 1960 में ईंडस वाटर ट्रीटी के तहत भारत सरकार और पाकिस्तान के दरिम्यान जो ट्रीटी हुई उसके तहत भारत को सतलुज, रावी और व्यास का जो पानी था उसका 15.85 एम0ए0एफ0 हिस्सा मिला। इस ट्रीटी के बाद भारत सरकार ने पंजाब, राजस्थान, जे0 एण्ड के0 और पैप्सू के बीच इस पानी का बंटवारा इस प्रकार किया था–

राजस्थान	8 एम0ए0एफ0
पंजाब	5.9 एम0ए0एफ0
पैप्सू	1.13 एम0ए0एफ0
जे0 एण्ड के0	0.65 एम0ए0एफ0

1966 में पैप्सू का पंजाब में विलय होने के बाद जो प्वांयट पंजाब था उसके हिस्से में 7.2 एम0ए0एफ0 पानी आया। ज्वायंट पंजाब में उस वक्त की जो सरकार थी उसने एक फूड कमेटी मुकर्रर की थी। उस कमेटी का काम यह देखना था कि समूचे पंजाब की सारी जमीन पर सिंचाई के साधन जुटा कर ज्यादा से ज्यादा पैदावार किस तरह से की जाए। कमेटी की रिपोर्ट में हरियाणा के इलाके को 4.56 एम0ए0एफ0 पानी देने की सिफारि ा की गई थी। इसके साथ ही आपको पता है कि हरियाणा का जो बैकवर्ड इलाका था उसकी तरक्की के लिये हरियाणा डिवेल्पमैंट कमेटी के नाम से एक कमेटी मुकर्रर की गई थी। सभापति महोदय, उस कमेटी की सर्वसम्मति से यह राय थी कि जो पानी ट्रीटी के तहत भारत सरकार को मिला है उसका अधिकतर हिस्सा हरियाणा के भाग को दिया जाए। सभापति महोदय, इसके बाद 22—3—66 को पंजाब विधान सभा में पंजाब के मुख्य मंत्री ने अपने ब्यान में यह बात कही थी कि हरियाणा के रीजन का वाटर अलाउंस बढ़ा कर फिरोजपुर और लुधियाना के जिलों के वाटर अलांउ के बराबर ले जाएंगे।

चेयरमैन साहब, इसी विधान सभा सत्र में गवर्नर साहब का जो अभिभाशण पे ा हुआ था, उसमें इस बात का वि वास दिलाया गया था कि हरियाणा के इलाके को इस पानी का अधिकतर भाग मिलेगा और हरियाणा डिवेल्पमैंट कमेटी की जो रिपोर्ट है, उसके ऊपर अमल किया जाएगा। इसके बाद चेयरमैन

साहब, हरियाणा बनने के बाद हरियाणा सरकार ने भारत सरकार को 4.1 एम0ए0एफ0 वाटर जिसको ट्रीटी वाटर कहते हैं। हरियाणा को देने की मांग की थी। पंजाब सरकार के विचार करने पर इस मामले को पंजाब रीओरगेनाईजे ान एक्ट के तहत हरियाणा की सरकार ने फैसले के लिये भारत सरकार को रैफर किया था। इसके प चात भारत सरकार ने यू0पी0 के रिटायर्ड चीफ इंजीनियर श्री मित्रा की अध्यक्षता में एक कमेटी मुकर्रर की थी और इस कमेटी की रिपोर्ट पर अमल करने के लिये कैबिनेट के सामने रखा। उस समय श्री के0 एल0 राव और डी0पी0 धर कैबिनेट के मंत्री थे। इन दोनों को इस बात का फैसला करने की जिम्मेदारी सौंपी थी कि वे पंजाब और हरियाणा के मुख्य मंत्रियों से मिलकर इस पानी का फैसला करवायें। चेयरमैन साहब, इसी दौरान में प्लानिंग कमी ान ने एक पत्र पंजाब, हरियाणा और भारत सरकार के जो दूसरे पदाधिकारी हैं, इन के बीच सरकुलेट किया। इस प्लानिंग कमी ान के पत्र में यह बात मानी गई थी कि ट्रीटी वाटर में से हरियाणा का 3.74 एम0ए0एफ0 पानी हरियाणा को मिलना चाहिए। इन सारी वारदातों के प चात सैंट्रल वाटर एंड पावर कमी ान के चेयरमैन श्री मूर्ति थे उनको इस मामले पर रिपोर्ट करने के लिये कहा गया था। इनकी रिपोर्ट के जो सैलियंट फीचर्ज थे, महत्वपूर्ण बाते थी। उन में से मैं दो तीन का जिक्र करूंगा। वे इस प्रकार थीः उन्होंने यह बात कही थी कि रावी ब्यास के पानी का इस्तेमाल, इन्टेग्रेटिड तौर पर तीनों सूबे उस भूमि के लिय इस्तेमाल करेंगे जो सूखी भूमि है, जिसको पानी नहीं

लगता वहां इसका प्रयोग किया जाना है। दूसरी बात यह कही थी कि हरियाणा के बहुत बड़े भाग को बहुत लम्बे अर्से तक आबपा ाी से वंचित रखा गया है, इसलिये हरियाणा का इस बात पर अधिकार है कि अधिक पानी हरियाणा को मिले। चेयरमैन साहब, पंजाब में इंटैसिटी आफ इरीगे ान 73 परसैंट थी जबकि इसके मुकाबजे में हरियाणा में सिर्फ 38 परसैंट थी। चेयरमैन साहब, 1–11–1966 को, जब पंजाब का बंटवारा हुआ था। उस वक्त जो आंकड़े छपे थे, उसके मुताबिक 28.46 लाख एकड़ भूमि टयूबवैल्ज के जरिए सैराब होती थी जबकि इसके मुकाबले में हरियाणा में केवल 7.43 लाख एकड़ भूमि सैराब होती थी। इसी तरह 1965–66 में पंजाब में कुल का त का रकबा 106 लाख एकड़ था। 106 लाख एकड़ मेंसे ग्रौस इरीगेटिड एरिया 70.40 लाख एकड़ था जबकि हरियाणा में कुल का त का रकबा 98.70 लाख एकड़ था और ग्रौस इरिगेटिड एरिया केवल 36.70 लाख एकड़ था। इन आंकड़ों के आधार पर भारत सरकार ने 1976 में इस बात का फैसला कि था कि ट्रीटी वाटर पंजाब और हरियाणा दोनों प्रान्तों के बीच में बराबर बराबर बांट दिए। पंजाब प्रान्त के भाई बार बार प्रचार मात्र के लिये कहते हैं कि चूंकि हरियाणा के भूतपूर्व मुख्य मंत्री उस वक्त भारत सरकार में डिफैंस मिनिस्टर थे, इसलिये उन्होंने प्रधान मंत्री के ऊपर दबाव डालकर हरियाणा के हक में यह फैसला करवाया। इस फैसले का एमरजैंसी से कोई ताल्लुक नहीं था। चेयरमैन साहब, मैंने यह फिगर्ज और तारीखें की ब्रीफ हिस्ट्री इसलिए कोट की है कि ये आंकड़े इस बात का

गवाह है। इस बात का सबूत हैं कि वे भाई केवल मात्र झूठ बोलते हैं इस बात में कोई तथ्य नहीं है कि हरियाणा को किसी प्रकार से उसके हिस्से से ज्यादा हिस्सा मिला हो बल्कि सच्चाई यह है कि जितनी कमेटियां ज्वायंअ पंजाब में बनीं या गवर्नमैंट आफ इंडिया ने बनाई, उन सारी कमेटियों द्वारा जितना पानी 1976 में हरियाणा को मिला, उससे अधिक पानी देने का हरियाणा का विचार सब कमेटियों ने माना था। इसलिये पानी के बंटवारे को री–ओपन करने की बात का कतई कोई सवाल पैदा नहीं होता है। हमारी सरकार को कतई तौर पर ऐसा नहीं करना चाहिए। मुझे यह बात कहने में संकोच नहीं है कि हमारी सरकार ने और सिंचाई तथा बिजली मंत्री महोदय ने बार बार जैसा कि हम अखबार में पढ़ते हैं, यह डटकर स्टैंड लिया है कि पानी का सवाल री–ओपन नहीं हो सकता।

चेयरमैन साहब, मेरे प्रस्ताव का जो दूसरा पो र्न है, वह यह है कि हरियाणा सरकार, भारत सरकार के ऊपर इस बात का दबाव डाले या भारत सरकार पंजाब सरकार के खिलाफ कोई सैक् न लागू करे या कोई और उपाय करे ताकि यह नहर जल्दी से जल्दी खोदी जाए। चेयरमैन साहब, हरियाणा में जैसा कि आपको ज्ञात है कि 1976 से अब तक करीब 25 करोड़ रुपया खर्च करके अपने हिस्से में नहर पूरी कर ली है। दो करोड़ के लगभग रुपया हमारी सरकार, पंजाब सरकार को दे चुकी है और उसमें से अधिकतर रुपया मैं समझता हूं, पंजाब सरकार ने बहुत बढ़िया

पौ ा दफतर चण्डीगढ़ में खोल कर, आफिसरों को तनखाह देकर खर्च कर दिया है। यह रुपया हमने उनको जमीन एक्वायर करने के लिये दिया था लेकिन उन्होंने वह रुपया दूसरे कामों पर खर्च कर दिया है। इसी प्रकार इस नहर के सिस्टम को बनाने पर, हरियाणा ने अपने इलाके में 100 करोड़ रुपए के लगभग खर्च किया है। इन सारी बातों के इलावा जब तक नहर का पानी हमारे इलाके में नहीं आता हर साल हरियाणा को फसलों के रूप में 100 करोड़ रुपये का घाटा बर्दा त करना पड़ेगा। चेयरमैन साहब, मैं अपनी सरकार से यह बात कहना चाहता हूं कि हरियाणा सरकार पिछले दो साले से पता नहीं इन्हें किस बात की भार्म है, झिझक है या क्या रिजर्वे ान है, कि इन्होंने हाउस को इस बारे में पूरी तरह से कान्फिडैंस में नहीं लिया है और न ही हरियाणा की भिन्न भिन्न राजनीतिक पार्टियों को ही कान्फिडैंस में लिया है। क्या दिक्कत है, क्या अड़चन है, कौन सा मसला है जिसके कारण पिछले दो साल से यह मसला लटका हुआ है ? पिछले दो साल से हरियाणा सरकार इस बात का दावा करती थी कि पंजाब के साथ उसके बेहतरीन ताल्लुकात हैं और हरियाणा के हर आदमी को उम्मीद ीी कि उन ताल्लुकात का फायदा उठाकर हरियाणा का जो असली हक है, वह हरियाणा सारकार दिलवायेगी। लेकिर चेयरमैन साहब, आपने देखा है कि पिछले दो साल से पंजाब के इलाके में नहर की खुदाई के लिये एक कस्सी भी नहीं लगी। मैं सरकार से दरख्वास्त करता हूं कि अगर किसी किस्म की कमजोरी हरियाणा सरकार महसूस करती है तो उसका फर्ज बनता है कि

मात्र हाउस के समस्त सदस्यगण, और जो भी राजनीतिक पार्टिया हैं उनो कान्फिडैंस में लेकर राउंड टेबल कान्फ्रैंस बुला कर फैसला किया जाए क्योंकि हरियाणा की हर राजनीतिक पार्टी हर व्यक्ति इस बात के लिये सरकार के साथ हैं। यह कोई पुलिटिकल झगड़ा नहीं है। चेयरमैन साहब, एक मिनट में यह बात कह कर खत्म करता हूं कि अगर भारत सरकार चाहे तो हरियाणा को उसका जायज हक दिलवा सकती है। अगर दिलाना चाहे तो उसके पास ऐसे तरीके मौजूद हैं ऐसी भाक्ति है जिसका प्रयोग करके इंसाफ कर सकती है। मैं उदाहरण के तौर पर कह सकता हूं कि पंजाब प्रान्त नित रोज भारत सरकार से कभी थर्मल प्लांट मांगने की बात रकता है, कभी सैंट्रल प्रोजैक्ट मांगने की बात करता है, कभी हैवी इंडस्ट्री लगवाने की मांग करता है। चेयरमैन साहब, आपको पता है कि सैंट्रल गवर्नमैंट हर साल हर प्रान्त को करोड़ों रुपये ग्रांट की भाक्ल में और दूसरी भाक्ल में देती है क्योंकिह पंजाब हिन्दुस्तान का हिस्सा है, पंजाब के लोग हमार भाई हैं। चाहे प्रधान मंत्री हो चाहे दूसरे लोग हों, उनके लिये किसी तरह की कोई दिक्कत की बात नहीं है कि वह पंजाबे के ऊपर इस बात का दबाव न डाल सकें कि जो हिस्सा उसे मिलता है वहीं हिस्सा हरियाणा को मिले। इन भाब्दों के साथ मैं हाउस से यह आ ाा करता हूं कि सरकार इस प्रस्ताव को स्वीकार करेगी मैंने सारी स्टेट के इंट्रैस्ट को सामने रखते हुए यह प्रस्ताव रखा है और आ ाा है कि हाउस इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास करेगा।

इससे हमारी सरकार के हाथ मजबूत होंगे और हमारी सरकार को फायदा होगा।

राव राम नारायण (साहलावास): चेयरमैन साहब, इस मसले पर मैंने काल अटैन ान मो ान भी पहले दी थी और इस सै ान में भी दी है। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने एक लम्बी चौड़ी स्टेटमैंट पढ़ी थी और उसके आगे कुछ प्रोग्रैस हुई या नहीं, उसका मुझे कुछ पता नहीं है। चौधरी भाम ोर सिंह जी ने इस पानी के बंटवारे की एक बहुत अच्छी वि ाल हिस्ट्री दी है। इससे साफ जाहिर होता है कि जब से यह बंटवारा हो रहा है तब से हमको कुछ न कुछ ज्यादा पानी मिलने की सिफारि ा होती रही है और अब यह आहिस्त–2 घटते घटते 3.5 मिलियन एकड़ फीट तक रह गया। वह भी अब खत्म हो गया। 3.5 मिलियन एकड़ फीट पानी की उम्मी से हमने जवाहर लाल नेहरू कैनाल तैयार कर ली है जिसमें 10 करोड़ रुपये से भी ठयाजदा खर्च हो चुका है। यह नगहर पानी के बिना क्षु क पड़ी है। यह उस एरिया के लिये बनाई गई है जहां पीने का पानी नहीं मिलता है। जैसे झज्जर का एरिया है, लोहारू का एरिया है, महेन्द्रगढ़ का एरिया है और दादरी का एरिया है। इन खु क इलाकों को इए नहर से पानी जाना है। इन इलाकों में पीने के पानी की भी समस्या है। अगर यह नहर जाएगी तो पीने के पानी के लिये वाटर सप्लाई स्कीम के तहत टैक्स बनसकेंगे। सर्दियों से खु क इालके जहां हमे ाा कहत रहता है वहां आबपा ाी के लिये पानी मिल सकेगा।

इसलिये मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि वह मजबूती के साथ गवर्नमैंट आफ इंडिया के थ्रू पंजाब पर यह प्रै ार डलवाए कि हमारे हिस्से का पानी जल्दी से जल्दी हमें दिया जाये और पंजाब में जो लिंक कैनाल बनाने में देरी हो रही है उसको जल्दी से जल्दी तैयार करवाया जाए।

चौधरी रिजक राम (राई): चेयरमैन साहब, जो प्रस्ताव आज सदन के सामने चौधरी भाम ेर सिह ने रखा है, उस पर पिछले सै ान में भी अडजर्नमैंट मो ान के द्वारा काफी चर्चा हुई थी। उससे पहले भी जितनी बार यह सवाल सदन के सामने आया, उस पर मुंख्यमंत्री जी ने और हमारे सिंचाई और बिजली मंत्री चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने भी बार बार आ वासन दिया था कि हरियाणा पानी का पूरा हिस्सा लेकर रहेगा। कितने ही माननीय सदस्यों ने इस समस्या पर विचार प्रकट करते हुए यह जाहिर किया है कि किसी ढंग से हरियाणा सरकार इस समस्या को हल करे, अपने हक को हासिल करने के लिये कोि ा ा करे और उसमें कामयाबी हासिल करे। सरकारी की तरफ से भी बहुत ही जोरदार भाब्दों में यह कहा गया था कि हरियाणा को उाकसा हिस्सा अव य मिलेगा। चेयरमैन साहब, आपको याद होगा, चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने भाुरू में सारे हाउस को यह यकीन दिलाया था कि चाहे हरियाणा में सतलुज यमुना लिंग का सवाल है चाहे रावी ब्यास के पानी का सवाल है, इन का पफैसला करने के लिये जो भी बोर्ड बनेगा उसमें हरियाण के नुमाइंदे भी होंगे। बोर्ड में हमारे

नुमाइंदे लाजमी तौर परह होंगे और पंजाब हमारे हिस्से को खत्म नहीं कर सकता है। अभी चोधरी भाम ेर सिंह जी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा और पंजाब सरकारों के दोनों मुख्यमंत्रियों के आपस में बहुत अच्छे सम्बन्ध हैं। इसलिये भाायद यह मामला हल हो जाये लेकिन मैं ऐसा समझता हूं कि यह सारी समस्या जो उलझती जा रही है, यचह दोनों मुख्यमंत्रियों के प्यार की नि ाानी है। उनका आपस का जो प्यार है उसी के कारण यह सब कुछ उलझन में पड़ा हुआ है। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने बड़े हौसले के साथ सदन में बयान दिया, अखबारों में भी बयान दिया और एक बार तो इन्होंने एलान भी किया था कि पंजाब में नहर खोदने के लिए तारीख मुकर्रर हो गई है और फलां तारीख को उसका उदघाटन हमारे मुख्यमंत्री जी पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ करेंगे, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। हरियाणा ने इस काम के लिये पंजाब को जो पैसा दे रखा है, उसको देखते हुए हरियाणा की जनता में बहुत रोश प्रकट हो रहा है। सरकारने इस बारे में लोगों से बड़े बड़े वायदे किए थे और लोगों को बड़ा वि वास दिलाया था कि पानी देंगे लेकिन सरकार अब तक नाकामयाब रही। लोगों का वि वास सरकार से उठ चुका है। यहां पर जो बातें कही जाती हैं वह सिरे नहीं चढ़ रही हैं। यही कारण है कि सदन में दिये यगे आ वासनों का जनता पर कोई असर नहीं हो रहा है।

अब भी बात वहीं अटकी हुई है। अब मामला अटोरनी जनरल के पास पहुंच गया है, वह एग्जामिन करेगा और देखेगा कि हरियाणा का क्लेम जायज है या नहीं है। इसका मतलब यह हुआ कि जो फैसला हो चुका था, वह कोई फैसला नहीं था, अब सरकारी वकील जो फैसला देगा, उसके ऊपर बात चलेगी, उसको भी अगर पंजाब सरकार माने या न माने, यह उनकी मर्जी पर है क्योंकि इस तरह की बात भी उन्होनें कही है। सब माननीय सदस्यों को याद होगा, माननीय मुख्य मंत्री जी अमृतसर जिले में एक स्कूल का उद्घाटन करने के लिये गए थे। वहां रावी–व्यास लिंक के बारे में चर्चा हुई थी। उनकी एक ही बात थी वे कहते थे कि यह झगड़ा हम आपस में खुद सुलझा लेंगे, प्यार से सुलझा लेंगे। दिल्ली सरकार की सारी ताकत लगाने पर भी पंजाब वाले मानते ही नहीं, यह इनके प्यार की कहानी है, क्या ये हरियाणा के हकूक को हासिल करेंगे ? इनको यह बात नहीं कहनी चाहिये कि ये हरियाणा के हकूक की रक्षा करेंगे। एक बात और स्पश्ट करना चाहता हूं, चेयरमैन साहब, पिछले दिनों इस सरकार के पैर डगमगा गये थे। इस सरवकार को बचाने के लिये पंजाब के जितने अकाली मैम्बर थे, वे इस कोि ा ा में रहे कि किसी तरह से यह सरकार टिकी रहे। यह सरकार अगर टिकी हुई है तो पंजाब के अकाली दल के नेताओं की सहायता से टिकी है जिनकी वजह से ये आज यहां बैठे हैं। चौधरी भाम ोर सिंह जी सोचते हैं कि यह सरकार हरियाणा के हितों की हिफाजित करेगी। चौधरी भाम ोर सिंह जी यह बात गलत है, हरियाणा के हितों की रक्षा यह सरकार

कर नहीं सकती। (व्यवधान) मैं अर्ज करना चाहता हूं कि अगर सरकार की नीयत है कि यह फैसला उसी तरह कायम रहे जो श्री वीरेन्द्र सिंह जी इस सदन में बयान देते रहे, अगर इसको पूरा करना चाहते हैं तो साफ है कि इसके लिये एक डैड लाईन रखी जाए। समय निि चत कर दें कि इतने अर्से के अंदर इसका फैसला करवायेंगे। अगर नहीं करेंगे तो सारे मैम्बर उन के साथ हैं और यहां इजलास में बैठकर फैसला करें, चाहे जेलों में जाएं चाहे लोगों को पूछें लेकिन पंजाब के साथ वह व्यवहार करें जो होना चाहिये क्योंकि पंजाब सरकार मीठी मीठी बातों से मानने वाली नहीं है। हरियाणा से उनको कदम कदम पर काम पड़ते हैं, उनके ट्रक, बसें सारा कोराबार उनका हरियाणा के इलाके से होकर चलात है, इसको बंद करो।। मिन्नत से, दोस्ती से कुछ नहीं हो सकता। इसलिये चौधरी भाम ेर सिंह जी, मैं यह समझता हूं कि आप यह रैजोल्यू ान बार बार लोकर खामखाह तकलीफ न उठाते रहें, इनमें हरियाणा के हकूकों की रक्षा करने का दम नहीं है, हरियाणा के लिये पानी हासिल नहीं कर सकते, इनकी दोस्ती रहे और हरियाणा तबाह हो जाए, इस बात की परवाह इनको नहीं है। इसलियें हम इसका क्या समर्थन करें, क्या न करें, यह सरकार कुछ करने वाली नहीं है।

श्री सुरेन्द्र सिंह(तो ाम): चौधरी भाम ेर सिंह जी के प्रस्ताव का समर्थन विधान सभा के तमाम सदस्य दिल से करते हैं, लेकिन देखने की बात यह है कि इस प्रस्ताव को अमली जामा

कैसे पहनाया जाए। यह तभी हो सकता है अगर हरियाणा सरकार चट्टान की तरह अड़ कर के केस लड़े। चौधरी वीरेन्द्र सिंह और जनता विधायक दल के नेता इस बात को भूल चूके हैं और पंजाब सरकार का इरादा, इस पानी के लिये कैरियर चैनल बनाने के प्रति ठीक नहीं है, यह काम हो नहीं सकता। क्यों नहीं हो सकेता, क्योंकि अकाली पार्टी ने चुनाव के दौरान अपने मैनिफैस्टों में यह जिक्र किया है कि अगर पंजाब प्रान्त में अकाली गवर्नमैंट बन गई तो हरियाणा को 3.5 मिलियन एकड़ फीट पानी नहीं दिया जाएगा। यह बात उनके मैनिफैस्टो में है। उन्होनें केस को री ओपन करवाया और मोरार जी भाई, प्राईम मिनिस्टर पर दबाव डलवाया। उस मीटिंग में श्री बरनाला जी है, जो एग्रीकल्चर मिनिस्टर हैं और ये इस बात में हिस्सा लेते हैं कि आया यह पानी हरियाणा को ठीक दिया गया था या गलत दिया गया था। सभापति जी, आप अन्दाजा लगाएं कि जो मिनिस्टर पंजाब के मैनिफैस्टों पर चुनाव लड़ कर आए, वह हरियाणा को पानी नहीं दे सकता, वह हरियाणा के भले की बात कैसे सोच सकता है ? इस नहर के बनने से पहले हरियाणा में 150 करोड़ रुपया खर्च हो चुका है, आई एम सब्जैक्ट टू कुरैक ान, मैं गलत नहीं कह रहा, मिनिस्टर साहब बैठे हैं। जैसा राव साहब ने बताया कि 100 करोड़ रुपया जवाहर लाल नेहरू कैनाल पर खर्च हो चुका है। लगभग 150 करोड़ रुपया लिफ्ट इरीगे ान स्कीमों पर या पानी का इंतजाम करने के लिये अन्य तरीकों पर खर्च हो चुके हैं। ताकि जिस वक्त यह कैरियर चैनल बन कर पूरी हो। 3.5 मिलियन फीट एकड़ पानी जब

हरियाणा में आये तो हम इस पानी को कंज्यूम कर सकें। इस के लिये ग्राउंड वर्क तेयार किया गया। सभापति महोदय, 100 करोड़ रुपये की फसल का नुकसान हर साल होता है, जब तक पानी नहीं मिलेगा, यह होता ही रहेगा। जिस वक्त हरियाणा और पंजाब का 1976 में बेसिक एग्रीमैंट हुआ था, उस वक्त कैरियर कैनाल पर होने वाले पैसे का एस्टीमैट 72 करोड़ रुपये का बना था, लेकिन राज्यपाल महोदन ने अपने अभिभाशण में जिक्र किया है कि कास्ट आफ कंस्ट्रक ान इतनी बढ़ चुकी है जिसके परिणामस्वरूप 138 करोड़ रुपया बाढ़ की रोकथाम के लिये और कैरियर चैनल बनाने के लिये खर्च होगा। आगे चल कर 138 करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च हो सकता है। सभापति महोदय, डिले होती जा रही है, कैरियर चैनल बनने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं और हरियाणा प्रान्त को और सरकार को वह रूप धारण करना पड़ेगा जिससे हम पंजाब सरकार को कैरियर चैनल बनाने पर मजबूर कर सकें। यह हम टाईम बाउंड प्रोग्राम बना कर तय कर लें तकि क्या क्या कदम उठाने चाहियें। हमें पंजाब वालों को बताना पड़ेगा कि जमीन एक्वायर करके अगर कैरियर चैनल नहीं बनाई गई तो हमारा यह एटीच्यूड होगा। गवर्नमैंट इस सै ान में पालिसी तय कर ले कि हमारा रवैया पंजाब सरकार के प्रति यह होगा। हिन्दुस्तान की सरकार के प्रति यह होगा क्योंकि कठोर लाइन आफ एक ान तय करके ही इस समस्या का समाधान होगा, अन्यथा नहीं हो सकेगा।

श्री गुलजार सिंह (राजौंद): सभापति महोदय, चौधरी भाम ोर सिंह जी ने जो प्रस्ताव सदन में पे ा किया है, यह बहुत अहम और जरूरी प्रस्ताव है। पिछले सै ान में भी यह प्रस्ताव सदने में आया था और बहस हुई थी, एक काल अटै- ान मो ान भी आया था। जब तक यह काम पूरा नहीं होगा, इस पर बहस होती ही रहेगी, रूकेगी नहीं, क्योंकि यह बहुत जरूरी मसला है। हमारी सरकार का भी यही नारा है कि 'पानी का प्रबन्ध और भ्रश्टाचार बन्द'। यह नारा बहुत अच्छा है, हमारा फर्ज बनता है कि इसमें सहयोग दें। पानी का प्रबन्ध करने में सरकार बहुत जोरों से काम कर रही है, इसमें काफी कामयाबी भी मिली है, लेकिन मैं यह कहने से हिचक्चाउंगा नहीं कि यह सब भगवान की देन है। इस साल दो तीन मौकों पर बारि ा हुई, लेकिन कई इलाके हैं जहां पानी नहीं बरसा। मैं चाहूंगा कि हमें पंजाब से अपना पानी का हिस्सा लेने के लिये प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि असली हल तभी होगा जब यह पानी मिलेगा। इसके लिये हमारी सरकार रात दिन खूब कोि ा ा करे, चाहे कितना संघर्श क्यों न करना पड़े हमें पानी अव य लेना चाहिये। हम सब सरकार के साथ हैं। यह बहुत ही अहम और जरूरी मसला है। मैं इतना ही कह कर अपना स्थान लेता हूं। धन्यवाद।

श्रीमती भाांति देवी (कैलाना): चेयरमैन साहब, एक बड़े अहम मसले के ऊपर एक आव यक प्रस्ताव भाम ोर सिंह जी ने रखा है। हर बार सै ान के अन्दर यह चर्चा का विशय रहात है

और बड़े बड़े आ वासन हमारे मुख्यमंत्री जी और आई0पी0एम0 साहब देते हैं। यही नहीं, रोज एक स्टेटमैंट अखबारों में भी दे देते हैं। इससे थोड़ी सी खु ी तो हमारे ह्रदय के अंदर आती है कि भाायद पंजाब के साथ पानी का मसला निपट जाएगा। लेकिन आप देख रहे हैं कि बार बारी आ वासन देने के बावजूद भी बात सिरे नहीं चढ़ रही है। हमारी सरकार कोि ा ा कर रही है कि यह अहम मामला निपटे और हमारा अधिकार हमें मिले लेकिन संदेह यहां होता है कि बात सिरे नहीं चढ़ रही है। इसके बारे में सुझाव तो यह है कि यदि कोई चीज प्यार से न निपटे, दोस्ती से न निपटे तो इंसान को इतना कमजोर नहीं हो जाना चाहिये कि दूसरे ढंग की आवाज न उठाए। मुख्यमंत्री जी और आई0पी0एम0 साहब से मेरी पुरजोर अपील है कि इस मामला को आप छोटा न समझें। मैं मानती हूं कि वे दिल से चाहते हैं। कि हरियाणा का अधिकार हरियाणा को मिले लेकिन इसमें जो रूकावट है वह भी तो उन्हें दूर करनी चाहिये। यदि यह प्यार से दूर नहीं होती तो हमें संघर्श के रास्ते पर चलने में कोई संकोच नहीं होना चाहिय और अपना अधिकार पंजाब से लेना चाहिये। ठीक है पंजाब हमारा पड़ोसी भाई है, दोस्ती का हाथ हमने उसकी तरफ बढ़ा रखा है लेकिन यह हमारे अधिकार का सवाल है। यदि कोई अधिकार प्यार से न मिले तो हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अधिकार दूसरे तरीके से भी ले लिए जाया करते हैं। इसीलिये मेरी यह पुरजोर अपील है कि यह मामला इस सै ान में अव य निपट जाना चाहिए।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): चेयरमैन साहब, चौधरी भाम ेर सिंह जी ने जो रैजोल्यू ान पे ा किया है, मैं उसकी पुरजोर ताईद करता हूं और हाउस से प्रार्थना करता हूं कि इसको युनानिमसली पास कर दिया जाए क्योंकि पिछले सै ान में पंजाब असैम्बली ने भी युनानिमसली, चाहे कोई अकाली दल का था, चाहे जनसंघ का था या जनता पार्टी का था या कम्युनिस्ट पार्टी का था, एक रैजोल्यू ान पास किया था कि रावी व्यास का पानी हरियाणा को बिलकुल नहीं दिया जाएगा, चंडीगढ़ पंजाब का है और पंजाबी बोलने वाले इलाके लिए जाएंगे। चेयरमैन साहब, इसी तरह से मैं चाहताहूं कि हम चाहे किसी पार्टी के मैम्बर क्यों न हो, हम सबको 89 के 89 मैम्बर्ज को आज युनानिमसली यह रैजोल्यू ान पास कर देना चाहिये कि रावी व्यास के पानी में हमारा जो हक है वह हमें मिलना चाहिये। बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि आज बी0एम0बी0 का कंट्रोल भी पंजाब के पास है और थीं डैम में हमारा हिस्सा छिन गया। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि यह कब तक इस जुर्म को बरदा त करती रहेगी ? इनको याद रखना चाहिये कि जुर्म करना तो पाप है लेकिन जुर्म को सहना महापा है। हमारी जनता सरकार का तो नारा है कि 'पानी का प्रबन्ध और भ्रश्टाचार बन्द'। खैर, भ्रश्टाचार के बारे में तो इस समय बोलूंगा नहीं लेकिन इतना जरूर कहंगा कि इनसे भ्रश्टाचार तो बन्द नहीं हुआ परन्तु पानी बन्द हो गया। (हंसी) मेरा कहने का मतलब यह है कि पानी देने की बजाये पानी बिल्कुल बन्द हो गया। पंजाब सरकार कहती है कि सैन्ट्रल

गवर्नमैंट ने जो अवार्ड दिया है, प्राईम मिनिस्टर ने जो फैसला किया है उसको मानने के लिये वह तैयार नहीं है। उसके बारे में वे सुप्रीम कोर्ट में जा रहे हैं। तो चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा अपने आई0पी0एम0 साहब से प्राथ्रना करना चाहता हूं कि वे हाथ पर हाथ रख कर न बैठें बल्कि इसके लिये ठोकस कदम उठाएं। पिछले सै ान में यहां कहा गया था कि कि कस्सी मार कर मुख्य मंत्री महोदय नहर की खुदाई का उद्घाटन करेंगे लेकिन वह आज तक कुछ नहीं हुआ। इसके विपरीत हरियाणा के हिस्से में 1 नहर की खुदाई पर 100 करोड़ रुपया खच्र हो चुका है। इसमें जा काम हो रहा है इसके बारे में भी थोड़ा सा बता देना चाहता हूं। जनसुई हैड के पास, रावी व्यास के पानी के लिये जो फाल बन रहा है, उसके बारे में वहां के एक मुलाजिम ने मुझे और भाम ेर सिंह जी को बताया था कि चौधरी साहब, वहां जो दीवार बन रही है अगर आप उसका मुलाहिजा फरमायेंगे तो आपको मालूम होगा कि वह दीवार बनने से पहलें ही गिर रही है क्योंकि पूरा मसाला वहां नहीं लग रहा है। इसकी तरफ भी सरकार ध्यान दे। मेरा तो सुझाव है कि हरियाणा में खुदाई बंद करके पंजाब की जमीन में खुदाई भाुरू करनी चाहिये। हमें खु ाी है कि हरियाणा की पंजाब से दोस्ती है लेकिन मैं चीफ मिनिस्टर साहब को यह बता देना चाहता हूं कि मेरी दोस्ती पंजाब के साथ इनसे ज्यादा है। इनको पता होना चाहिए कि कैथल में जब पुलिस मुकाबला हुआ था मैं पंजाब वालों के गुरूद्वारा में ही गया था, लेकिन दोस्ती का मतलब नहीं कि हम दोस्त सै अपने हम भी न मांगे। अपने हक के लिये

तो भाई भाई में भी लड़ाई होती है। जायदाद के बंटवारे के लिये तो कई बार कत्ल भी हो जाते हैं। चौधरी रिजक राम जी ने कहा था कि इसका फैसला टाईम मुकर्रर करके राउन्ड टेबल पर हो जाए और रावी व्यास के पानी का हिस्सा हमें मिल जाएं, चंडीगढ़ हमें मिल जाए और जितने हिन्दी बोलने वाले इलाके पंजाब में हैं वे भी हमें मिल जाएं या कोई दूसरा तरीका अपनाया जाए। अफसोस से कहना पड़ता है कि हालांकि पंजाब का चंडीगढ़ में कोई हिस्सा नहीं है लेकिन फिर भी उन्होंने अपना कब्जा जमाने के लिये 1300 मकान यहां बनाने का फैसला कर लिया है। सरकारी बैंच तो सरकार के साथ हैं ही लेकिन मैं इनको बताना चाहता हूं कि इस मामले में जनता भी इनके साथ है। इसलिये इनको चाहिए कि इसके लिये ये कोई दिन मुकर्रर कर दें ताकि इतने दिन के अंदर अंदर हमें हमारा हक मिल जाना चाहिये। दोस्ती की बात भी आप देख लें। रावी व्यास का पानी पाकिस्तान को जा रहा है। पंजाब वाले पाकिस्तान को तो पानी दे रहें हैं, लेकिन हरियाणा को नहीं दे रहे हैं इसलिये चेयरमैन साहब, मैं चौधरी साहब को कहना चाहता हूं कि ज्यादा दब कर काम नहीं चलेगा। आज हरियाणा का बच्चा बच्चा कहता है कि हरियाणा सरकार पंजाब से बहुत दब चुकी है। यही नहीं, पंजाब ने तो यह भी दबाव डाला है कि पंजाबी को हरियाणा में लागू किया जाए। हम पंजाबी के खिलाफ नहीं है लेकिन जब तक हिन्दी बोलने वाले इलाके, जैसे खनौरी के पास 30–32 गांव हैं, डेरा बसी है, खरड़ तहसील है, लालडू है, ये सभी ट्रांसफर नहीं हो जाते तब तक यहां

पंजाबी लागू न की जाए। हर झगड़े का जल्दी से इलाज किया जाए ताकि दोनों सूबे मिल कर रह सकें। (विघ्न) तो मैं ज्यादा न कहता हुआ सरकार से यही प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस रैजोल्यू ान को युनानिमसली पास किया जाना चाहिये और पंजाब के सामने बिल्कुल घुटने नहीं टेकने चाहिएं।

श्री इन्द्रजीत सिंह (जाटुसाना): चेयरमैन साहब, जब भी हम सै ान में आते हैं, हर बार यह सवाल आता है और हर बार हमें यह जवाब मिलता है, गवर्नमैंट की तरफ से कि हम रावी व्यास के पानी को लेंगे और यह जो पहले डिसीजन हुआ था, इसको इम्पलीमैंट कराया जाएगा। आखिकर कब तक हम इंतजाचर करेंगे। दो साल जनता पार्टी की सरकार को बने हो गये हैं इस अर्सा में सिर्फ बातें ही बातें हुई हैं, कोई कंकरीट स्टैप्स नहीं लिए गए हैं। इसलिये मैं यह कहना चाहूंगा कि वैसे तो यह अफसोस की बात है कि यह सरकार दो साल तक इस छोटे से मसले को हम करने में असफल रही है और हरियाणा प्रान्त के लोगों को उनका वाजिब हक नहीं दिला सकी है। फिर भी इस सै ान में जैसा कि दूसरे माननीय सदस्यों ने भी कहा है, कुछ कंकरीट स्टैप्स लिए जांए और उनको जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंट किया जाए। मुझे आ ाा है कि मिनिस्टर साहब इसके बारे में अव य कुछ कहेंगे। इन भाबदों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

18.00 बजे।

चौधरी लाल सिंह (नारायणगढ़): चेयरमैन साहब, बात यह है कि हरियाणा को पानी की आव यकता है परन्तु मेरी समझ में तो यह बात नहीं आ रही है कि पानी के पीछे हमारे अपोजि ान के साथी या दूसरे साथी गुस्सा क्यों निकाल रहे हैं। मुझे तो इसमें सरकार का कोई कसूर नजर नहीं आ रहा है। आप सभी जानते हैं कि यह बहुत पुरानी बीमारी है। एकदम से नहीं जा सकती है लेकिन मैं एक बात जरूर जानता हूं कि इस विशय में हमारे मुख्य मंत्री जी और सिंचाई मंत्री जी ने केन्द्रीय सरकार से तथा पंजाब सरकार से बात की है। वे दिन रात इस कार्य में लगे हुए हैं। वे दिल्ली में दिन रात इस बारे में भागदौड कर रहे हैं। पंजाब सरकार से भी विचार विम र्श करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। श्री भाम ेर सिंह जी मुझे इस बारे में कोई कमी नजर नहीं आती है अगर कमी है तो वे बतायें, हम भी उनके साथ हैं। हम किसी बात में उनसे पीछे नहीं हैं। अगर सगे भाइयों में भी जमीन जायदाद पर झगड़ा हो जाता है तो उसका समझौता करने में भी टाईम लग जाता है। मैं तो यही कहूंगा कि इस सरकार पर गुस्सा निकालनने की अपेक्षा पंजाब सरकार से मिलें। यह गड़बड़ तो पिछली सरकार करके चली गई है। उनको पहले ही जल्दी से जल्दी इसका प्रबंध करना चाहिये था। हमारे सिंचाई एवं मुख्यमंत्री जी ने कोई कमी छोड़ी हो तो वे बतायें। पंजाब के बार्डर पर जलसा था तो वहां पर हमारे मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि जितने भी यहां पर भाई बैठे हैं वे हमारी इस काम के लिये मदद करें। यहां असैम्बली में रौला मचाने का मुझे कोई लाभ प्रतीत नहीं हो

रहा है। वे हमारे पड़ौसी भाई हैं। हमें उनसे बात करनी चाहिए और अपना हक मांगना चाहिये। हम भी उनसे बात करने के लिए तैयार हैं और आप लोग भी साथ चलें। प्रेम से यह बात हली हो सकती है। लेकिन यहां हाउस में गलत बात कहना ठीक नहीं । हम गलत बातें सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। एक तरफ यहां एम0एल0ए0 आकर मिनिस्टरों से कहते हैं कि आप मेरे हलके में चलें और कुछ वहां पर काम करवायें, दूसरी ओर यहां हाउस में बैठ कर टूर के बारे में, पैट्रोल के बारे में चर्चा करते हैं कि वे वहां पर क्यों जाते हैं ?

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चौधरी लाल सिंह इररैलवेंट बोल रहे हैं उन्हें हीस सबजैक्ट पर ही बोलना चाहिए।

चौधरी लाल सिंहः चेयरमैन साहब, पहले वाली सरकार इस झगड़े को बीच में ही छोड़ कर चली गई थी लेकिन अब हमारी सरकार दिन रात इस झगड़े को हल करने पर लगी हुई है। मुझे तो सरकार की ओर से कोई कमजोरी नजर नहीं आ रही है। हमारे सिंचाई मंत्री जी दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों से मिल रहे हैं। अगर हमारे सिंचाई मंत्री जी को अपने ही खेत में पानी लगवाना होता तो भी वे इतना प्रयत्न न करते जिता प्रयत्न आज हरियाणा के हिस्से को लेने के लिये कर रहे हैं। यह सारी चीजें मैंने अपनी आंखों देखी है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मैंने पिछली सरकार के मंत्रियों का बिजली का बिल, साठ साठ हजार रुपये का देखा है। आज हम इनके टूअर्ज को बंद करेंगे तो काम कैसे चलेगा मेरे पास पिछली मिनिस्टरी के आंकड़े हैं। इसलिये किसी बात की नुक्ताचीनी करें तो उसमें वजन होना चाहिए। आज अगर हम अपने मिनिस्टर्ज के टुअर्ज बंद करेंगे तो हरियाणा के लोगों के काम किस प्रकार से होंगे ? इसलिये चौधरी भाम ोर सिंह जी ने जो लिखा है, इसमें हमारी सरकार का दोश तो मुझे नजर ही नहीं आता। आप कोई कमी देखते हैं तो उसकी नुक्ताचीनी अव य करें लेकिन उसमें वजन होना चाहिए। मैं तो फिर यही निवेदन करूंगा कि हमें पंजाब के भाइयों से इस विशय पर बातचीत करनी चाहिये। यह कहना गलत है कि जब हम लड़ाई लड़ेगें तभी पानी मिलेगा। (विघ्न)

श्री सभापतिः चौधरी पोहलू जी आप इन्टरफियर न करें।

चौधरी लाल सिंहः चेयरमैन साहब, इन सभी भाइयों को पता है कि जो काम पिछली सरकार ने तीस साल में नहीं किया था वह इस सरकार ने थोड़े ही दिनों में कर दिया है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, ये तो पहली सरकार में भी भागिल थे।

चौधरी लाल सिंहः मैं कहां था। मैं उस सरकार में मिनिस्टर नहीं था, आप ही मिनिस्टर थे। चेयरमैन साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि चौधरी भाम ेर सिंह जी को कोई एतराज है तो वे उनसे मिलकर बात करें लेकिन सरकार पर गुस्साच निकालने की कोई बात नहीं है। हम पंजाब सरकार से बात करें। वे सैंटर में अपना रसूख इस्तेमाल करके इस समस्या को हल करवायें। हम भी चाहते हैं और अपोजी ान के भाई भी चाहते हैं कि इस समस्या का समाधान हो। यहां पर यह कहा गया कि डिफैंस मिनिस्टर ने दबाव से पानी का फैसला करवाया था।

श्री भाम ेर सिंहः मैंने यह कभी नहीं कहा कि डिफैंस मिनिस्टर ने दबाव से यह फैसला करवाया था। यह बिलकुल गलत बात है।

चौधरी लाल सिंहः मैं यह नहीं कहता कि आप ने यह कहा है कि डिफैंस मिनिस्टर साहब के दबाव से यह फैसला हुआ था। मैं तो यह कह रहा हूं कि पंजाब वाले कहते हैं कि डिफैंस मिनिस्टर ने पहली प्रधान मंत्री से यह फैसला करवाया था।

स्वामी जी ने यहां पर एक बात कही कि नौजवानों को बेरोजगारी का पचास रुपये महीना भत्ता दिया जाये। उनको इस बात का ज्ञान नहीं है कि अभी हमारी सरकार की ओर से 15 तारीख को एक बहुत बड़ी स्कीम निकाली जा रही है जिससे बेरोजगार लोगों का बहुत भला होनी की संभावना है। इसलिये

स्वामी जी को अपने हलके में जा कर यह स्कीम लागू करवानी चाहिये।

स्वामी आदित्यवे I: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मेरा व्यवस्था का सवाल यह है कि सतलुज यमुना लिंक के विशय पर ही बोलें तो अच्छा रहेगा। उनको किसी पर आक्षेप नहीं करना चाहिए।

चौधरी लाल सिंहः बस जी, मैंने तो यही अर्ज करनी थी। चेयरमैन साहब, सच्चाई हमे ाा होनी चाहिए। अगर कोई गलत बात होती हो तो हम वह भी कहने के लिये तैयार हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार की ओर से इस बारे में कोई कसर नहीं है। धन्यवादं

कंवर राम पाल सिंह (घरौंड़ा): चेयरमैन साहब, एस0वाई0एल0 का मसला आज रैजोल्यू ान के जरिये से इस हाउस में सिर्फ पहली बार नहीं उठ रहा है, पिछले सै ान में भी यह मसला उठा चुका है। इस पर उस समय बहस भी हुई थी ? उस समय भी सरकार ने इस सदन को यह वि वास दिलाया था कि हमारा जो हिस्सा है जो सैंट्रल गवर्नमैंट ने अवार्ड दिया है, उसके ऊपर कायम है। यही नहीं, हमें यह भी वि वास दिलाया गया था कि पंजाब के एरिया मके अंदर बहुत जल्दी ही यह लिंक चैनल की खुदाई का काम भाुरू होने वाला है। इस विशय में एक नोटिसफिके ान भी यहां हाउस के अंदर पढ़ कर सुनाया गया था

कि जमीन एक्वायर कर ली गयी है और तिथि बताई गयी थी कि इस दिन दोनों मुख्य मंत्री उसका उद्घाटन करेंगे। दोबारा यह मसला इस हाउस के अंदर इसलिये लाने की आव यकता महसूस हुई कि हरियाणा के विधायक ही नहीं, बल्कि तमाम हरियाणा की जनता आखें फाड़ फाड़ कर देख रही है कि कब एस0वाई0एल0 का काम भुरू होता है। कब एस0वाई0एल0 नहर का पानी हरियाणा की भूमि पर मिलता है। इससे हरियाणा के लोगों को फाइनैंि ायल लास भी हो रहा है। वह कब पूरा होता है ? इन सब बातों को देखते हुए, यहां पर बार बार ए योरैंस मिलने क बावजूद भी कोई कार्य भुरू नहीं हुआ तो लोगों को दोबारा अपनी आवाज उठानी पड़ी जिसकी वजह से आज रैजोल्यू ान फिर यह हाउस के अंदर लोने की आव यकता महसूस की गयी। ठीक है, मैं मानता हूं कि सरकार अपनी तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ रही है, कई एक मीटिंग भी हुई हैं। अखबरों में हमारे सिंचाई मंत्री जी का एक ब्यान जो उन्होंने पिछले दिनों दिया था छपा था लेकिन हमें बार बार सं ाय इसलिये हो रहा है कि इस दि ाा में अभी तक कोई प्रोग्रैस नहीं हुई है जबकि जमीन एक्वायर करने के लिये हरियाणा सरकार ने पैसे जमा करा दिये। खेद का विशय है कि अभी तक भी वह जमीन एक्वायर नहीं हुई। जमीन एक्वायर न होने के कारण हमारी समझ में नहीं आया। इससे एक बात साफ नजर आती है कि हमारा पड़ोसी भाई हमारे इस कार्य को आगे चलता हुआ देखना नहीं चाहतां वह दिन व दिन कोई न कोई नया मसला उठाकर, कोई न कोई बहाना निका लकर सैंट्रल गवर्नमैंट के पास

चला जाता है। उसके बाद हम मीटिंगों के चक्कर में उलझ जाते हैं। मैं तो अपनी सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि यह मीटिंगें बहुत दिनों तक नही चलनी चाहिए और लोगों को जो वि वास है कि हमारी सरकार बड़ी मेहनत के साथ बड़े हौसल के साथ अपने हक को लोने के लिये जद्दोजहद कर रही है, वह पूरा होना चाहिए। हरियाणा की सरकार पंजाबी की टैरीटरी के अंदर जल्दी से जल्दी काम कराये। हरियाणा को जो फाइनैंि ारूल लास हो रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए जैसे मैंने जिक्र किया है, इस सदन से मैं आ ाा करता हूं कि सदन सरकार को यह कहेगी कि सैंट्रल गवर्नमैंट से यह कहे कि वह अपने उस आदे ा का सख्ती से पालन करवाये। नोटिफिके ान करने से या अखबारों में ब्यान आ जाने से यह मसला हल होने वाला नहीं है। मैं तो यह कहूंगा कि हमारी सरकार सैंट्रल गवर्नमैंट से जितना जल्दी से जल्दी हो सकता है, इसको इम्पलीमैंट करने के लिये फैसला करवाये। जितना जल्दी ये ऐसा फैसला करवायेगी, उतना ही जल्दी यह सरकार लोगों का वि वास प्राप्त कर सकेगी। इससे लोगों के अंदर इस सरकार के प्रति वि वास ही नहीं पैदा होगा बल्कि यह लोगों के प्रति एक बड़ी भारी सर्विस होगी। मैं यह आ ाा करता हूं कि इस मामले को जितना जल्दी हो सके, सुलझाने का प्रयत्न करे। हमारी सरकार, पंजाब सरकार के साथ अगर नेगो ीिये ान कर के फैसला करने के लिये तैयारनही है तो सैंट्रल गवर्नमैंट से यह प्रार्थना करे कि जैसे हैडवर्कस के बारे में उन्होंने फैसला किया था कि वहां पर कुछ कामों को डिवाईड कर दिया जाये या

दोनों का कंट्रोल वहां पर होना चाहिए। थीं डैम का मसला भी नहीं सुलझा पाये हैं। इधर एस0वाई0एल0 का मसला ज्यों का त्यों खड़ा है। वे इस कलसे को न सुलझाने के लिये दो तीन मसले और खड़े कर देते हैं। इसयि मैं यह चाहूंगा कि हमारी सरकार सैंट्रल गवर्नमैंट से जल्दी से जल्दी इस अवार्ड को इम्पलीमैंट कराने के लिये प्रयत्न करे। अगर पंजाब वाले नैगोि ाये ान से कोई बात नहीं मानते तो सरकार के पास दूसरे कई तरीके हैं, उन तरीको ंसे इम्पलीमैंट करवावने के लिये कहें। मैंने जो सुझाव दिये हैं, उनको माानने के लिये सरकार को कोई दिक्कत नहीं है। इसलिये हरियाणा के इन्ट्रैस्ट को सामने रखते हुए सैंट्रल गवर्नमैंट से यह प्रार्थना की जाये कि हाउ की यह फीलिंग्ज हैं। हम इस रैजोल्यू ान को पास करके उसके पास भी भेंजे और कहें कि हाउस में यह मसला बार बार उठता है। हसलिये इसके बारे में कोई न कोई फैसला जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंट कराया जाये ताकि हरियाणा के लोगों को जो बेचैनी है, हरियाणा के लोगों के मन में जो भाको Iुबह है, वह दूर हा सकें और वे भाान्तिपूवर्क रह सकें। अगर ऐसा नहीं होता है तो एस0वाई0एल0 स्कीम के लिये हरियाणा सरकार ने जो करोड़ों रुपया खर्च किया है, और भी खर्च कर रही है वह सारे काच सारा बेकार हो जायेगा। जो काम हो चुका है अगर उसमें चूहों ने अपनी खुडडें बना लीं तो उनकी रिपेयर करने के लिये ज्यादा नहीं तो कम से कम 50 प्रति ात रुपया लगेगा। जितना रुपया इसके बनाने पर खर्च आयाहै, उनता ही रिपेयर करने पर लग जायेगा। तो मेरा कहने का मतलब यह है

कि इन सारी बातों को देखते हुए सरकार पंजाब की टैरीटरी के अंदर जमीन एक्वायर कने के बाद सैंट्रल गवर्नमैंट से यह फैसला कराकर लाये कि हमारे इंजीनियर्ज ही वहां पर जाकर पंजाब की टैरीटरी के अंदर नहर की खुदाई का काम करवायेंगे क्योंकि हमारे जो इंजीनियर्ज होंगे, उनको लग्न होगी, वे हरियाणा की इन्ट्रैस्ट को ज्यादा अच्छी तरह से वाच कर सकेंगे। दिन रात लगाकर इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करने की कोि ा ा करेंगे। फिर वह बात न हो सकेगी जो पंजाब वालों ने अब की है कि लैंड एक्वायर करके दिन ब दिन देर करना चाहते हैं। मेरा कहने का मतलब यह है कि अगर वहां पर हम यह काम पंजाब के इंजिनियर्ज को दे देंगे तो हो सकता है वह इसको पूरा करने में 10 साल लगा दें। इसलिये सैंट्रल गवनमैंट से यह भी कहा जाये कि हमारे इंजीनियर्ज ही वहां पर इसे बनायेंगे, तभी हमें कुछ लाभ हो सकता है। इन भाब्दों के साथ मैं अपनी सरकार से यह प्रार्थना करता हूं कि वह सैंट्रल गवर्नमैंट से कहे कि वइ इस अवार्ड को जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंट कराने के लिये कोई डायरैक ान दे ताकि हमारे इंजीनियर्ज ही इस नहर को बनाये। धन्यवाद।

स्वामी अग्निवे ा(पुंडरी): आदरणीय सभापति महोदय, सतलुज यमुना लिंक के ऊपर आज जो प्रस्ताव आया हे, उसके ऊपर हरियाणा विधान सभा में बहस एक रस्मी सी हो गई है कि जब भी हम सदन में इकट्ठे हों, इस सम्बंध में कुछ बातें कहें जिससेयह पता लगे कि हरियाणा वाले कुछ भाोर मचा रहे हैं। मैं

यह कहना चाहता हूं कि जिनके मुकावले में हम भाोर मचा रहे हैं। वह इस भाशा का समझने वाले नहीं हैं और जो भाशा वह चाहते हैं वह भाशा हम बोल नहीं सकते। सतलुज व्यास का प्र न हरियाणा की जिंदगी के साथ जुड़ा हुआ है और इसकी गम्भीरता को देखते हुए हमारी चीफ मिनिस्टर महोदय ने इसी हाउस में यह घोशण की थी कि अगर मैं हरियाणा को रावी व्यास का पानी नहीं दिला सकता तो मैं मुख्य मंत्री पद से अस्तीफा दे दूंगा। मैं यह कहूंगा कि यह उनकी अकेले की घोशणा नहीं थी बल्कि इसमें प्रत्येक विधायक का इस्तीफा भाामिल था। सभापति महादेय, जब यह मामला इतना गम्भीर है जिसके लिये हरेक व्यक्ति एक स्वर से लड़ने मरने के लिये तैयार है और उसके बावजूद भी हम अपना अधिकार प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि हमारा जो तरीका है, जो हमने स्वीकार किया हुआ है, उमसें कहीं कोई खामी अव य है। हर बार हम यह कहते हैं कि पंजाब वाले हमारा अधिकार नहीं दे रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब वाले यह अधिकार नहीं देंगें और इस बात को वह पहले ही कह चुके हैं। उन्होंने प्रस्ताव पास भी कर दिया है कि हम नहीं देंगे। अब हमारी किस्मत है कि हम उनसे ले सकते हैं या नहीं। इस बारे में अवार्ड केन्द्र का का है और वह लागू क्यों नहीं हो रहा है ? सभापति महोदय, अगर वह लागू नहीं करते तो मेरी बात कठोर जरूर हो सकती है और सदन इसके लिए मुझे क्षमा करेगा कि केन्द्रीय सरकार रहने लायक नहीं हैं ऐसी कौन सी बात है कि हमारी सरकार है और हमें हमारा हक नहीं दिला सकती ? मैं यह

निवेदन करना चाहूंगा कि सिंचाई मंत्री यहों बैठे हैं, मुख्य मंत्री महोदय यहां पर नहीं हैं, और दूसरे मंत्री भी हैं। इस बारे में कैबिनिट की एक आपातकाली बैठक बुलाएं जिसमें अपोजि ान के सदस्य भी हों। यानी सदन के 90 के 90 सदस्य भाामिल हों और उस बैठक में यह फैसला किया जाए कि आने वाले पन्द्रह बीस दिन के अंदर जब तक कि इस सदन की बैठक चले, केन्द्र कोई इंस्ट्रक ांज जारी करके हमें हमारे अधिकार दिलाए। केन्द्रीय सरकार जब तक अपने अधिकार का पूरा प्रयोग करके पंजाब को मजबूर नहीं करेगा, तक तक कुछ नहीं होगा। अगर केन्द्र ऐसा नहीं करता तो हम सारे के सारे 90 सदस्य दिल्ली जाकर प्रधान मंत्री के दरवाजे पर भूख हड़ताल कर देंगे। मैं समझता हूं कि अपने पक्ष के लोग और विपक्ष के लोग अगर ऐसा करने के लिये तैयार होंगे तो हरियाणा का बच्चा बच्चा वहां पर जाकर भूख हड़ताल करने के लिये तैयार है। मैं समझता हूं कि जिस दिन यह सदन इस प्रकार का फैसला कर लेगा, केन्द्र आपको अपना अधिकार दे देगा। अगर आप यह सोचते हैं कि हर बार यहां आकर इस बारे में रस्मी कार्यवाही पूरी कर लें और थोड़ी बहुत बात कर लें तो कुछ होने वाला नहीं हदै। इस विधान सभा की इतनी बड़ी भावना की कोई परवाह नहीं की जा रही है और हमारा हिस्सा हमें नहीं दिया जा रहा है। ऐसा समझा जा रहा है जैसे हम भिखारी बने बैठे हैं। पंजाब यूनिवर्सिटी के अंदर हमें धक्का दिया जा रहा है और दूसरी कई चीजों के अंदर हमें धक्का दिया जा रहा है। अगर वाकई हमारा उद्देश्य है कि हमने पानी लेना है और

इस मामले में वाकई अगर हम सीरियस हैं तो यह तरीका होना चाहिये कि हम सत्याग्रह का फैसला करें। ऐसा करने का हमारा संवैधानिक अधिकार है। हमें केन्द्रीय सरकार को कह देना चाहिए कि या तो वह हमारे अधिकार दिलाए, नहीं तो हम हड़ताल पर बैठते हैं और सभापति महोदय, मैं अपने आपको इस कार्य के लिए प्रस्तुत करता हूं। जिस समय आप चाहेंगे कि मैं हड़ताल, भूख हड़ताल, धरना आदि पर बैठूं तो मैं उसके लिये तैयार हूं। (व्यवधान) लेकिन इसके लिये सदन की पूरी राय होनी चाहिये (व्यवधान) मेरा कहना यही है कि आप इस मसले का गंभीरता से लें। यह मसला हरियाणा के एक करोड़ बीस लाख लोगों की जिन्दगी का मसला है। सभापति जी, आप देख रहे हैं कि इतने बड़े मसले पर बहस हो हरी है लेकिन मुझे बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि मेरे कई साथी इस सदन में नहीं हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर हम लोग किस बात के लिये भत्ता ले रहे हैं ? अब हरियाणा का सबसे बड़ा सवाल आया है तो यहां पर बैंचिज खाली पड़ी हैं। ऐसा लगता है कि हरियाणा सरकार अपने हिस्से को लेना नहीं चाहती है और अगर लेना चाहती है तो वह सीरियस नहीं है। इसलिए मैं आदरणीय वीरेन्द्र सिंह जी से यह अनुरोध करूंगा कि हरियाणा सरकार की तरफ से वह तारीख मुकर्रर होनी चाहिए कि किस तारीख तक वह केन्द्र से यह उम्मीद रखती है। अगर उस तारीख तक हमारा फैसला नहीं हो पाता, हमारी नहर खुदनी भाुरू नहीं हो जाती हैं, हमारा काम भाुरू नहीं

हो जाता तो हम सारे के सारे सदस्य इस्तीफा दे देंगे। इस बात की घोशणा हमारे सिंचाई मंत्री की ओर से होनी चाहिये।

श्री भाम ोर सिंह: चेयरमैन साहब, इस रैजोल्यू ान के लियें साढ़े छः बजे तक का टाईम दिया था और वह टाईम हो गया है या तो आप हाउस का टाईम ऐक्सटेंड करें या रैजोल्यू ान को वोट के लिये पे ा करें। हमने आरम्भ में ही जब इस रैजोल्यू ान को पे ा किया था यह कहा था कि कम से कम इस रैजोल्यू ान के पीछे जो भावना हे, जो स्पिरिट है उसका ध्यान रखा जाए और उसको पोलीटीक्लाइज न किया जाए। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि टाईम ऐक्सटैंड करके मिनिस्टर महोदय से इसका जवाब दिलवाया जाये।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिह): अगर सदस्य बोलना चाहते हैं तो मैं कैसे जवाब दे सकता हूं यह बड़ा इम्पोरटैंट मसला है इसलिये सदस्यों को बोलने देना चाहिये।

स्वामी अग्निवे ा: सभापति महोदय, दोपहर को इस बारे में बात भी हुई थी और आपने कहा था कि पौने सात बजे तक इसको रखा जाए। सभापति महोदय, मैं सिंचाई मंत्री से अनुरोध करूंगा कि जब पंजाब वाले जमीन एक्वायर नहीं होने दे रहे हैं और उन्हौंने अभी तक एक इंच भी बनाना भाुरू नहीं किया है तो आप हरियाणा के अंदर लगातार पैसा क्यों लगाते चले जा रहे हैं ? यह बात राज्यपाल के अभिभाशण में भी कही गई है कि

27 से 37 करोड़ रुपया सरकार इस साल इस काम पर खर्च करने जा रही है। कम से कम यह पैसा तो हम बचाएं। मेरा नम्र अनुरोध है कि एस0वाई0एल0 पर अब पैसा खर्च करना बंद कर दें मैं समझता हूं कि हम सब विधायक इस बात से सहमत होंगे कि सत्याग्रह करने के लिये भी तारीख आज ही मुकर्रर हो जानी चाहिये।

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।)

स्वामी आदित्यवे ा(हथिन): अध्यक्ष महोदय, अभी हमारे विपक्ष के साथी श्री सुरजेवाला ने जो प्रस्ताव रखा है, यह बड़ा गम्भीर और आव यक प्रस्ताव है। इस पर कोई पहली बार विचार नहीं किया जा रहा है। इससे पहले भी बहुत बार इस तरह के रैजोल्यू ान पर विचार किया जा चुका है। पिछले सै ान में इस संबंध में एक स्थगन प्रस्ताव आया था जिस पर काफी डिस्क ान हुआ था और उसके प चात भी इस समस्या पर काफी चर्चा होती रही है। लेकिन जैसा कि मेरे माननीय साथी स्वामी अग्निवे ा ने कहा कि जब तक हम कुछ कठोरता का रूख नहीं अपनाएंगे तब तक एस0वाई0एल0 लिंक की बात करना निरर्थक है और उससे एक टपका पानी मिलने की भी उम्मीद नहीं है। इसलिये मेरी प्रार्थना यह है कि आज हमें सबको मिलकर एक प्रस्ताव बड़ी जिम्मेवारी के साथ केन्द्र सरकार को भेजना चाहिये कि यदि इस नि चित तिथि तक, इस सै ान की समाप्ति तक हमारी मांग पूरी

न की गई तो हम नि चत रूप से, जैसा कि हमारे प्रजातन्त्र में हमें अधिकार हैं, हम आन्दोलन का रूप अपनायेंगे।

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, टाईम हो गया है .....

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा अहम मसला है ..... हमें इस पर बोलने के लिये समय मिलना चाहिये .....

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, टाईम हो गया है, मैं आप से रिक्वैस्ट करूंगा कि आप समाप्त करें। (ाोर)

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, यह तो हाउस की सैंस पर निर्भर करता है कि टाईम बढ़ाना चाहिए या नहीं या 8 तारीख को इसी प्रस्ताव को कंटीन्यू रखें। इस पर अभी बहुत सारे मैम्बर साहिबान बोलना चाहते हैं और फिर मिनिस्टर महोदय भी जवाब देना चाहेंगे।

स्वामी आदित्यवे ाः स्पीकर साहब, मेरा निवेदन है कि ..... (ाोर)

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, आप त ारीफ रखिये, आप दूसरों को भी कुछ कहने का मौका दें।

श्री बीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, यह बड़ा अहम मसला है, इस मसले को बे ान मुलतबी करके आठ तारीख पर रख लीजिये। हम इसका पूरा जवाब देना चाहते है।

श्री अध्यक्षः अगर हाउस की यह सैंस हो तो मुझे कोई एतराज नहीं है।

आवाजें: ठीक है जी।

श्री अध्यक्षः 8 तारीख को चार प्रस्ताव और भी होंगे, उन में इसको भी फिट इन कर देंगे और अगर जरूरत महसूस हुई तो उस दिन समय बढ़ा देंगे।

श्री भाम ोर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरी प्रार्थना है कि 8 तारीख को यह प्रस्ताव पहले नम्बर पर आना चाहिये।

श्री अध्यक्षः ठीक है 8 तारीख को यह प्रस्ताव पहले नम्बर पर आयेगा।

Now the House stands adjourned till 9.30 a.m. tomorrow, the 2nd March, 1979.

***18.30 hours**

(The Sabha then adjourned till 9.30 a.m. on Friday, the 2nd March, 1979)